अमर उजाला 15/06/2024

शिविर में युवाओं ने उत्साह से किया रक्तदान

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में शुक्रवार को अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से विश्व रक्तदान दिवस पर शिविर लगाया। शिविर में युवाओं सहित आमजन ने भी रक्तदान करके मिसाल कायम की। यह शिविर भारत विकास परिषद गोविंद शाखा, श्री शिव मंदिर सभा मतिदास नगर और नन्हें कदम ट्रस्ट के सहयोग से आयोजन किया।

शिविर में चिकित्सकीय टीम अंबाला सिटी के मिशन अस्पताल की रही। मुख्य रूप से फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की एजुकेशन रेगुलेशन कमेटी के चेयरमैन डा.दीपेंद्र सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के तौर पर जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य रोहित दत्त ने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

जीएमएन कॉलेज में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में मौजूद मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, भारत विकास परिषद गोविंद शाखा के प्रधान प्रवेश कुमार सोबती, महासचिव सुशील जोशी, मीडिया प्रभारी अखिलेश बत्रा, संगठन सचिव सुमीर गुप्ता, संदीप बख्शी, महिला प्रमुख कोमल सचदेवा, नन्हे कदम ट्रस्ट से कपिल और मिशन अस्पताल की तरफ से डायरेक्टर डॉ. सुनील सादिक, टेक्निकल सुपरवाइजर कृष्ण और बरखा राम नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित रहे। संवाद